Australian Government
Department of Social Services

Disability Gateway
Connecting you to information and services

# हमारे बारे में

Disability Gateway विकलांग लोगों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं की ऑस्ट्रेलिया भर में सेवाओं का पता लगाने और उन तक पहुँच प्राप्त करने में सहायता करता है।

**इस पृष्ठ पर**


Disability Gateway क्या है?
Disability Gateway किसके लिए है?
मैं Disability Gateway के बारे में फीडबैक कैसे प्रदान करूँ?
मैं Disability Gateway से कैसे संपर्क करूँ?
सेवा प्रदाता अपनी सेवा को सूचीबद्ध कैसे करते हैं?
Disability Gateway हितधारक किट
Disability Gateway के बारे में बातचीत करने के उत्पाद
Disability Gateway के बारे में अनुवाद की गई जानकारी
यदि अंग्रेज़ी मेरी प्रथम भाषा नहीं है तो क्या होता है?
यदि मैं अंग्रेज़ी समझ सकता हूँ, परन्तु इसे पढ़ने में मुझे परेशानी होती है तो क्या होता है?
यदि मुझे सुनने या बोलने की शक्ति से सम्बन्धित समस्या है तो क्या होता है?


## Disability Gateway क्या है?

Disability Gateway:

- प्रासंगिक जानकारी और सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन करने (नेविगेशन) में सुधार करेगा
- स्वास्थ्य, आवास, रोज़गार, परिवहन तथा रोज़मर्रा के रहन-सहन जैसे अनेक क्षेत्रों को शामिल करेगा
- विकलाँगता सूचना, सेवाओं और कार्यक्रमों के रेफ़रल के लिए प्रवेश के केंद्रीय बिंदु के तौर पर कार्य करेगा

ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा तैयार की गई Disability Gateway की वेबसाइट।

## Disability Gateway किसके लिए है?

Disability Gateway सभी विकलांग लोगों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं के लिए है।

## मैं Disability Gateway के बारे में फीडबैक कैसे प्रदान करूँ?

वेबसाइट पर फीडबैक लिंक के माध्यम से अंग्रेज़ी में अपनी फीडबैक छोड़ें।

## मैं Disability Gateway से कैसे संपर्क करूँ?

आप Disability Gateway को 1800 643 787 पर फ़ोन कर सकते हैं या disabilitygateway@benevolent.org.au पर ई-मेल भेज सकते हैं या अंग्रेज़ी में Contact Us (हमसे संपर्क करें) फ़ॉर्म भर सकते हैं।

## सेवा प्रदाता अपनी सेवा को सूचीबद्ध कैसे करते हैं?

सेवा प्रदाता किसी सेवा को शामिल करने का फ़ॉर्म जमा करवाकर Ask Izzyपर सूचीबद्ध होने का अनुरोध कर सकते हैं।

## Disability Gateway हितधारक किट

हमें Disability Gateway के लाभों को बताने और विकलांग लोगों तथा उनके परिवारों व देखभालकर्ताओं को साइट को देखने और अपनी फीडबैक प्रदान करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने में सहायता देती है। Disability Gateway हितधारक किट में आपके नेटवर्कों (संपर्क समूहों) के साथ साझा करने के लिए जानकारी शामिल है।
यह जानकारी अंग्रेज़ी में है।

Disability Gateway के बारे में जानकारी डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है।

- Disability Gateway का प्रयोग कैसे करें
- पोस्टर
- जानकारी पुस्तिकाएँ
- केस स्टडीज़

Disability Gateway के बारे में अनुवाद की गई जानकारी उपलब्ध है।

## यदि अंग्रेज़ी मेरी प्रथम भाषा नहीं है तो क्या होता है?

यदि आप चाहते हैं कि Disability Gateway के वेबपेज़ों का अनुवाद उपलब्ध कराई गई भाषाओं के अलावा अन्य भाषाओं में किया जाए, तो आप अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service) को 13 14 50पर फ़ोन कर सकते हैं। यह सेवा 100 से अधिक भाषाओं में अनुवाद कर सकती है और सप्ताह के 7 दिन, दिन के 24 घंटे उपलब्ध है।

यदि आपको अन्य भाषाओं में विकलाँगता के बारे में जानकारी पाने के साथ सहायता चाहिए, तो MiAccess उन लोगों के लिए NDIS तक पहुँच प्राप्त करने में सहायता कर सकती है जिनकी मातृ भाषा अंग्रेज़ी नहीं है। और अधिक जानकारी के लिए MiAccess पर जाएँ।

## यदि मैं अंग्रेज़ी समझ सकता हूँ, परन्तु इसे पढ़ने में मुझे परेशानी होती है तो क्या होता है?

यदि आपको Disability Gateway के बारे में जानकारी सुनने की आवश्यकता है, तो आप लिखित टेक्सट को अपने आप स्पीच में बदलने के लिए Readspeaker का प्रयोग कर सकते हैं। किसी भी पेज़ पर 'Listen' बटन पर क्लिक करें और इसे आपको ज़ोर से पढ़कर सुनाया जाएगा।

## यदि मुझे सुनने या बोलने की शक्ति से सम्बन्धित समस्या है तो क्या होता है?

यदि इस वेबसाइट के बारे में आपको किसी से बात करने की ज़रूरत है, तो आप नेशनल रिले सर्विस पर जाकर नेशनल रिले सर्विस के माध्यम से Disability Gateway से संपर्क कर सकते हैं
ताकि यह चयन कर सकें कि सेवा का प्रयोग कैसे करना है।

## Disability Gateway पर स्वदेशी चित्र

हम Disability Gateway पर स्वदेशी चित्र का आभार प्रकट करना चाहेंगे जिसे Marcus Lee ने डिज़ाइन किया था। Marcus एक प्रतिभाशाली डिज़ाइनर हैं जिनके पिछले 30 वर्षों के काम ने लाखों आस्ट्रेलियाई लोगों को प्रभावित किया है। Darwin NT में जन्मे और पले-बढ़े, मार्कस Karajarri लोगों के वंशज हैं और उन्हें अपनी एबोरिजनल विरासत पर गर्व है। Disability Gateway के लिए, हर पेज़ के शीर्ष और निचले भाग पर Marcus के डिज़ाइन एबोरिजनल तथा टोरस स्ट्रेट आइलैंडर लोगों के लिए राष्ट्र और समुदाय के साथ संबंध का प्रतीक हैं, और Disability Gateway की सेवाओं तक पहुँच को जोड़ते हैं। ये वृत्ताकार रिंग पूरे देश में फैले हुए हैं, जिससे सभी विकलांग लोगों, उनके परिवारों तथा देखभालकर्ताओं को ऑस्ट्रेलिया भर में सहायता मिलनी सक्षम होती है।